# डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
उत्तर प्रदेश सरकार

प्रेषक

**कुलसचिव,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

(1). **निदेशक,**
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(2). **समस्त विभागाध्यक्षगण,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(3). **विभागाध्यक्षों से भिन्न समस्त आचार्य,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(4). **डॉ0 संजीव गुप्ता,**
एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(5). **श्री आशीष कुमार गुप्ता,**
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दृष्टिबाधितार्थ विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांक :1686/ पत्रा.सं0–568(द्वितीय) / डा.श.मि.रा.पु.वि. / वि0परि0 / 2021–22 दिनांकः26 नवम्बर, 2021

**विषयः– डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या परिषद की 22वीं बैठक दिनांकः 26 नवम्बर, 2021 की कार्यवृत्त प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदया / महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या परिषद की 22वीं बैठक दिनाँकः 26 नवम्बर, 2021 को लिए गये निर्णयों का कार्यवृत्त की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जाने का निदेश हुआ है।

**संलग्न– यथोपरि।**

भवदीय,

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Phone (Off.) : 8004930056/0522-2999862 Website : http://dsmru.up.nic.in

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
## की मा0 विद्या परिषद की
## 22वीं बैठक दिनाँकः 26 नवम्बर, 2021 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| **समय–** | मध्याह्न : 12:00 बजे |
| **स्थान–** | प्रशासनिक भवन, पंचम तल स्थित सभागार, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की मा0 विद्या परिषद की 22वीं बैठक विश्वविद्यालय के पंचम तल स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| क्र0सं0 | विषय |
|---|---|
| 1/22 | **मा0 विद्या परिषद की 21वीं बैठक हेतु निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद की 21वीं बैठक दिनाँक 25 अक्टूबर, 2021 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। |
| 2/22 | **मा0 विद्या परिषद की 21वीं बैठक दिनाँक 25 अक्टूबर, 2021 में लिये गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद, 21वीं बैठक दिनाँक 25 अक्टूबर, 2021 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से अवगत हुई। |
| 3/22 | **अष्टम् दीक्षान्त समारोह में उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**– मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में दिनांक 29 नवम्बर, 2021 को अष्टम् दीक्षान्त समारोह का आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के शैक्षिक सत्र 2020–21 में उत्तीर्ण 1626 विद्यार्थियों को उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने के साथ–साथ विभिन्न विधाओं में सर्वश्रेष्ठ 145 विद्यार्थियों को मेडल/पदक वितरण किया जाना है। उक्त से संज्ञानित होते हुए मा0 विद्या परिषद् द्वारा उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र एवं मेडल प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 4/22 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।** |
| | **(1) विश्वविद्यालय में दीक्षान्त समारोह में मानद उपाधि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**– मा0 विद्या परिषद को संज्ञानित कराया गया है कि राज्य सरकार के विभिन्न माननीयों द्वारा श्रीमती शर्मिष्ठा बासु का जीवन–वृत्त संलग्न करते हुए विश्वविद्यालय से मानद उपाधि प्रदान करने की संस्तुति सहित प्रस्ताव प्रेषित किया गया, जिसे मा0 विद्या परिषद के समक्ष |

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय



(Prof. R.K.P. Singh)
Vice-Chancellor
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow

| | |
|---|---|
| | विचारार्थ प्रस्तुत किया गया, मा0 परिषद द्वारा श्रीमती शर्मिष्ठा बासु का जीवनवृत्त अवलोकित करते हुए विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव औचित्यपूर्ण नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय से ऐसे दिशा–निर्देश तैयार किये जाये जिसमें दिव्यांगता क्षेत्र में, समाज में उत्कृष्ट कार्य, विज्ञान के क्षेत्र, साहित्य के क्षेत्र में, दिव्यांगता के क्षेत्र में एवं पैरा–ओलम्पिक खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त किया हो, उनको इस विश्वविद्यालय से मानद उपाधि के लिए आमंत्रित किया जाय। |
| | **(2) विश्वविद्यालय द्वारा "विश्वविद्यालय गौरव सम्मान" के नाम से अंलकरण किये जाने पर विचार।** |
| | **निर्णयः–(क)** मा0 विद्या परिषद को संज्ञानित कराया गया कि इस विश्वविद्यालय में अध्ययन कर चुके सामान्य विद्यार्थी के साथ दिव्यांग विद्यार्थी जो समाज में अपनी अलग पहचान बनाने का कार्य करते हैं, जिससे इस विश्वविद्यालय का नाम प्रदेश ही नहीं वरन् सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित होती हैं। इस पर मा0 विद्या परिषद द्वारा विचार–विमर्श करने के उपरान्त निर्णय लिया गया कि ऐसे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया जाय तथा उक्त सम्मान हेतु **"विश्वविद्यालय गौरव सम्मान"** का प्रशस्ति–पत्र एवं धनराशि रू0 21,000/– नगद रूप में उन विद्यार्थी का दिया जाय, ऐसे विद्यार्थियों के चयन हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर समिति गठित की जाय, समिति द्वारा अपनी संस्तुति सहित प्रस्ताव कुलपति, विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाय।<br>**(ख)** इसके अतिरिक्त मा0 विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय से अध्ययन कर चुकी दिव्यांग छात्रा सुश्री हिमानी बुन्देला, आगरा को **"विश्वविद्यालय गौरव सम्मान"** इस वर्ष हेतु प्रदान किये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| किसी अन्य बिन्दु के अभाव में सधन्यवाद बैठक का समापन किया गया। | |

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

(Prof. R.K.P. Singh)
Vice-Chancellor
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow